हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

07 शहर की सड़कों पर दौड़ती निजी बसों के ...



08 भुन्नास के दीपक जाट ने सबसे पहले भावांतर...



**खबर संक्षेप**

### हितग्राहियों को मिली आर्थिक मदद

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से नर्मदापुरम एवं बनखेडी के 5 हितग्राहियों को ईलाज, आर्थिक सहायता हेतु 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर नर्मदापुरम प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 1 लाख रु से निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी से ई-साक्षी पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 1 निर्माण कार्य के लिए कुल 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी से प्राप्त प्रस्ताव पर विकासखण्ड नर्मदापुरम के रसूलिया वार्ड में फिक्सड गार्डन जिम स्थापना कार्य के लिए 01 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सांसद के साथ ही विधायक ने किया भूमिपूजन

# हथवांस से भोंखेडी-कुम्हाबड़ तक सड़क 4 करोड़ 92 लाख से बनेगी

शुक्रवार को एसएच 22 हथवांस हनुमान मंदिर से भोंखेडी-कुम्हाबड तक सड़क निर्माण कार्य, लम्बाई 5 किलोमीटर का भूमि पूजन किया गया। यह मार्ग 4 करोड़ 92 लाख की लागत से बनेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नजदीकी ग्राम पंचायत हथवांस रामविलास कॉलोनी में शुक्रवार को एसएच 22 हथवांस हनुमान मंदिर से भोंखेडी-कुम्हाबड तक सड़क निर्माण कार्य, लम्बाई 5 किलोमीटर का भूमि पूजन किया गया। यह मार्ग 4 करोड़ 92 लाख की लागत से बनेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी, सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने सबसे पहले भूमि पूजन किया और गेंती चलाकर काम प्रारंभ कराया।आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पिपरिया नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे, जनप्रतिनिधि गोपाल दास दूदानी, अर्चना साहू, माधवदास अग्रवाल, राजा भैया पटेल, प्रशांत रघुवंशी, बलराम ठाकुर, प्रदीप कुमार पटेल, अरविंद राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।



### ग्रामीण अंचलों में भय व्याप्त

हथवांस में सड़क बनाए जाने को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि विधान से पूजन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के उद्बोधन के पश्चात सांसद दर्शन सिंह ने नागरिकों को संबोधित किया।

**पानी की तलाश में घूम रहे वन्य प्राणी**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि गांव-गांव को सड़क से जोड़ने का काम यदि किसी ने किया है तो सरकार ने किया है। गांव के विकास में ही देश का विकास छिपा है। इस सड़क के बन जाने से आसपास कई गांवों को सहूलियत मिलेगी। चौधरी ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी व प्रदेश में हमारी सरकार बनी तब से विकास रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछली सरकारों ने जनता के साथ छलावा किया और गांव में सडकें नहीं थीं। आने जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ती थी, लेकिन आज हर जगह सड़कें बन गई हैं, या फिर बन रही हैं। ग्रामीणों द्वारा सड़क बनाने की मांग होती रही है। अब रामविलास कॉलोनी से भोंखेडी मार्ग तक पांच किलो मीटर सडक बनाई जानी है।

## पहले दिन किसानों ने की 3151 रु. प्रति क्विंटल के भाव पर बिक्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम कृषि उपज मंडी में पांच दिन की छुट्टियां खत्म होने के बाद मुहूर्त खरीदी शुक्रवार से शुरू हुई। मंडी में 8 किसान 8 ट्रालियों से धान लेकर बेचने पहुंचे थे। आधे घंटे के भीतर ही नीलामी खत्म हो गई। वही आज अधिकतम भाव 3151 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। मंडी में 500 क्विंटल (1हजार बोरे) की आवक रही। मुहूर्त की खरीदी से किसान नाखुश हुए। उन्हें उम्मीद के मुताबिक भाव नहीं मिला। सबसे पहल रंडाल गांव के नर्मदा साहू किसान की धान (1718) की बोली लगी। जो 3001 प्रति क्विंटल के भाव बिकी। गुराडिया के किसान दिलीप और खोजनपुर के किसान राजेंद्र की धान सबसे अधिक दाम 3151 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिकी।

### भावांतर आज से शुरू

मप्र में आज से भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी शुरू हो गई है। किसान मंडियों में इटारसी, सिवनी मालवा की मंडियों में सोयाबीन लेकर पहुंचे। लेकिन नर्मदापुरम की मंडी में सोयाबीन बिकने नहीं आई। यहां केवल धान बिकने आई। मंडी सचिव रामनाथ इवने और अन्य कर्मचारियों का मानना है कि नर्मदापुरम मंडी में सोयाबीन बिकने नहीं आती है। इटारसी और सिवनी मालवा क्षेत्र में सोयाबीन का रकबा ज्यादा है। इससे पहले मंडी सचिव, व्यापारी, किसान, हम्माल तुलैयों और कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना हुई। पंडित द्वारा विधि विधान से पूजन कराई गई। फिर व्यापारियों ने बोली लगाकर उपज की खरीदी की गई।

## जिले में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 27 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ आगामी 27 अक्टूबर से होने जा रहा है। खेल महोत्सव के अंतर्गत पंजीकृत प्रतिभागियों को उनके निर्धारित खेल मैदान पर प्रातः 9 बजे उपस्थित होने के निर्देश जारी किए गए हैं। खेल महोत्सव के अंतर्गत 27 से 30 अक्टूबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं विधानसभा स्तर पर आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक खेल के लिए निर्धारित मैदानों का चयन किया गया है जिसमे बेडमिंटन प्रतियोगिता – डॉल्फिन एकेडमी, ग्राम बुधवाड़ा में किया जायेगा। इसी प्रकार एथलेटिक्स प्रतियोगिता – एथलेटिक्स ट्रैक खेड़ा इटारसी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता – शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम एवं शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम, क्रिकेट प्रतियोगिता – एनएनजी स्टेडियम नर्मदापुरम, फुटबॉल प्रतियोगिता – पुलिस परेड ग्राउंड नर्मदापुरम, कबड्डी, रस्साकसी एवं खो-खो प्रतियोगिताएं – शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित होंगी।

## सोनतलाई स्टेशन के पास ट्रेन से गिरने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग यात्री की मौत, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के सोनतलाई रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार शाम ट्रेन से गिरने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग यात्री की मौत हो गई। घटना की जानकारी रेलवे गैंगमैन ने पाई और उसने रामपुर थाने को सूचित किया।

घटनास्थल तक गाड़ी का रास्ता न होने के कारण रात में शव नहीं उठाया जा सका। शुक्रवार सुबह एएसआई अनिल शर्मा मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाने के बाद पुलिसकर्मी और ग्रामीण युवाओं की मदद से शव को स्ट्रेचर पर रखकर रेलवे स्टेशन तक पैदल लाया गया। रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने के बाद शव को गाड़ी में रखकर पोस्टमार्टम के लिए इटारसी ले जाया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार, शव



सोनतलाई स्टेशन से करीब डेढ़ किमी दूर खंबा नंबर 763/22 के पास अप ट्रैक किनारे पड़ा था। मृतक के पीछे उसका बैग लटका हुआ मिला। एएसआई अनिल शर्मा ने बताया कि मृतक संभवतः किसी ट्रेन में यात्रा कर रहा था। उसके पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। रेलवे ट्रैक किनारे ही एकमात्र रास्ता था, इसलिए सुबह पैदल चलकर शव को लाया गया। पुलिस बुजुर्ग की पहचान में जुटी हुई है।

## तीन दिवसीय पारंपरिक बांद्राभान मेला का आयोजन 3 नवंबर से होगा, तैयारियां जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर स्थित मां नर्मदा व तवा के संगम स्थल बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार बांद्राभान मेला 3 से 6 नवंबर तक लगेगा। मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। पार्किंग, परमिट आदि की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाए। मेला अवधि के दौरान होम गार्ड जवानों की टीम तथा गोताखोर भी मेला स्थल पर उपस्थित रहें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की मेला अवधि के दौरान सभी संबंधित अधिकारी मुस्तैद रहे एवं सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी जाए। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेला धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा तथा मेले में लगभग 6 से 7 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कलेक्टर ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के बिजली कनेक्शन एवं झूलों का सुरक्षा प्रमाणन करवाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। बांद्राभान मेला स्थल पर व्यवस्थित ले आउट डाला जाए। साथ ही दुकान आवंटन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपादित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मेला पहुंच मार्ग का सुधार कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाए साथ ही जिन स्थानों पर समतलीकरण की आवश्यकता हो वहां मुरम बजरी आदि डाल कर उनका समतलीकरण करवाया जाए। दूसरी ओर यात्री बसों द्वारा निर्धारित किराये से अधिक राशि लिए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पचमढ़ी का खुशनुमा मौसम सैलानियों की बना पहली पसंद दीपावली के बाद से भारी तादाद में देश भर से पहुंच रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दिवाली का पर्व समाप्त होते ही यहां पर्यटन में जबरदस्त उछाल आया है, जिससे 'सतपुड़ा की रानी' कही जाने वाली यह जगह एक बार फिर गुलजार हो उठी है।

### बड़ी तादाद में पहुंचे पर्यटक

दीपावली के बाद शांत व सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पचमढ़ी पहुंच रहे हैं। स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों के अनुसार, दीपावली के बाद से ही होटलों और रिसॉर्ट्स में बुकिंग में काफी वृद्धि हुई है। प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगल, ऐतिहासिक गुफाएं और मनमोहक झरने यहां आने वाले हर पर्यटक को लुभा रहे हैं।



### गुजराती पर्यटकों का विशेष आकर्षण

साल के इस पहर मे गुजराती पर्यटकों का पचमढ़ी की ओर रुझान विशेष रूप से रहता है। गुजरात में दिवाली की लंबी छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में गुजराती परिवार यहां की शांत वादियों और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने के लिए पहुंच रहे हैं। उनके आगमन से स्थानीय बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है।

पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि दिवाली के तुरंत बाद का समय पचमढ़ी घूमने के लिए सबसे बेहतर होता है। अक्टूबर के अंत से लेकर दिसंबर तक यहां का मौसम बेहद सुहावना और ठंडा रहता है, जो ट्रैकिंग (टहलना) और दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आदर्श है। धूपगढ़, बी फॉल्स, जटा शंकर और पांडव गुफाएं जैसे प्रमुख स्थल पर्यटकों की पहली पसंद बने हुए हैं। नए साल से ठीक पहले तक यह सिलसिला जारी रहता है। पर्यटकों के लिए यह वह समय है जब वे नए साल की भीड़ और अत्यधिक ठंड शुरू होने से पहले ही पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता का पूरा आनंद ले सकते हैं। स्थानीय प्रशासन और पर्यटन विभाग भी पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने में जुटा हुआ है।

### पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 1 जून के पश्चात सेवानिवृत्त सभी पेंशनरों, परिवार पेंशनरों एवं 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग के अनुरूप 1 सितंबर से छठवें वेतनमान के अनुसार 252 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 55 प्रतिशत मंहगाई राहत देने के आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार सेवानिवृत्त पेंशनर और परिवार पेंशनर को छटवें वेतनमान के अनुसार 1 सितंबर 6 प्रतिशत की वृद्धि एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस आदेश के उपरांत माह सितंबर से बढ़ी हुई मंहगाई राहत राशि का भुगतान माह अक्टूबर की पेंशन के साथ किया जाएगा।

## अभी कड़ाके की ठंड के लिए करना होगा इंतजार, वैज्ञानिक बोले हो सकती है बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। आसमान में बादल छाए रहने के कारण दिन और रात दोनों समय के तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में महसूस की गई गुलाबी ठंड का असर अब कम हो गया है और रात में गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने जिले में अगले पांच दिनों तक बादल छाए रहने के साथ गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

गुरुवार को जिले के कई हिस्सों में दिनभर बादल छाए रहे, जिससे



धूप कम निकली। हालांकि शुक्रवार को मौसम साफ रहा और सुबह से धूप खिली हुई है।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अरब सागर से आ रही नमी, कर्नाटक की ओर बने कम दबाव के क्षेत्र और उत्तर प्रदेश की ओर से बन रहे ऊपरी हवाओं के चक्रवात का असर प्रदेश के कई हिस्सों पर दिखाई दे रहा है। इसी कारण नर्मदापुरम जिले में भी हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और 27 अक्टूबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ बनने की संभावना है। यदि यह प्रभावशाली रहा तो अक्टूबर के अंत तक जिले में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है।

## किसानों को दी नरवाई न जलाकर बेहतर प्रबंधन करने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर ने ग्राम रोहना, बैराखेड़ी बमुरिया, मोहारी, भरलाई, रावन पीपल ग्राम के किसानों को समझाइश दी की वे अपने खेतों की नरवाई ना जलाएं अपितु नरवाई का बेहतर प्रबंधन करें। कमिश्नर ने कहा कि नरवाई जलाने में नर्मदा पुरम जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है जो कि हमारे लिए गर्व की बात नहीं है। उन्होंने कहा की नरवाई जलाने से जमीन के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और इससे जमीन को भी पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाते है। कमिश्नर ने कहा कि सुपरसीडर, हैप्पी सीडर एवं हार्वेस्टर से खेत की नरवाई निकाल कर नरवाई से भूसा बनाकर उसका उपयोग पशुओं के चारे के लिए किया जाए। कुछ गांव के किसानों ने बताया कि कुछ संपन्न किसान नरवाई निकालने के लिए बेलर मशीन का उपयोग करते हैं बेलर मशीन 1 दिन में 10 एकड़ की जमीन की नरवाई को साफ कर देती है।

**क्लबफुट के लिए जिले भर से आए 25 बच्चे, किया गया उपचार**

## जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञों का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्पोर्टिव सुपरविजन किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीएमएचओ नर्मदापुरम डॉ नरसिंह गेहलोत एवं सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले के मार्गदर्शन में अनुष्का फाउंडेशन के द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से हड्डी रोग विशेषज्ञों का एक दिवसीय प्रशिक्षण (स्पोर्टिव सुपरवीजन) आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक डॉ चिंतन दोषी, राजावाड़ी अस्पताल मुंबई (महाराष्ट्र) द्वारा क्लबफुट के बच्चो का उपचार किया एवं जिले में पदस्थ डॉ. को प्रशिक्षण भी दिया गया।

डॉ दोषी द्वारा बताया गया क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जो कि समय पर उपचार लेने से ठीक किया जा सकता है। क्लबफुट का उपचार पोनसेटी पद्धति द्वारा किया जाता है, जिसमें कास्टिंग (प्लास्टर), टेनाटॉमी (चीरा), क्लब फुट हेतु विशेष प्रकार के जूते (ब्रेस) से किया जाता है।




प्रशिक्षण में (अस्थिरोग विशेषज्ञ) डॉ अनिल बड़ूके, DEIC मैनेजर कविता साल्वे, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ अपेक्षा कानूनगो, स्टाफ नर्स ऑफिसर मोनिका दास, ओटी तकनीकी सहायक सुपियर सिंह खापरे के साथ साथ समस्त ट्रामा स्टाफ उपस्थित रहे एवं अनुष्का फाउंडेशन (एसबीआई फाउंडेशन) से ब्रांच मैनेजर मनीष पटेल, सुनील साहू जिला मीडिया प्रभारी,प्रो ग्राम एक्जीक्यूटिव अभिषेक रैकवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिले भर से क्लबफुट के 25 बच्चों को जिला चिकित्सालय बुलाया गया एवं जांच की गयी, जिसमें 17 बच्चो को क्लबफुट के विशेष जूते दिए, 04 बच्चो को टेनाटॉमी (चीरा) लगाया गया, 5 बच्चों की कास्टिंग की गई, जिसमें से 2 बच्चो को प्रथम कास्टिंग की गई। 1 बच्चे को प्रथम बार क्लब फुट ब्रेस दिए एवं अन्य बच्चो को फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा पैरों की थेरेपी सिखाई गयी।

## सुखतवा में हुआ मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय अस्पताल सुखतवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 94 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 11 पॉजिटिव रोगियों को दवा और परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी द्वारा मनहित एप की जानकारी एवं उपयोगिता बताई गई तथा चिकित्सकों, स्टॉफ एवं मरीजों द्वारा मनहित एप डाउनलोड किया गया। शिविर में डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों को किस तरह टोल फ्री नंबर 14416 से सहायता लेना है एवं जिला अस्पताल में स्थित मनकक्ष की पूर्ण जानकारी दी। आईईसी सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. आर एस मीना, डॉ अंकित गौर मनकक्ष नोडल अधिकारी, एमओ डॉ.सतीश रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### रेलवे ट्रैक पर मिला डिलीवरी बॉय का शव

**बैतूल।** आमला में एक ऑनलाइन कंपनी के डिलीवरी बॉय का शव रेलवे पटरी पर मिला है। मृतक की पहचान नकुल कटारिया (21) के रूप में हुई है, जिसका सिर धड़ से अलग मिला। यह घटना बीती रात कमानी पुलिया आमला के पास हुई। रात करीब साढ़े नौ बजे एक ट्रेन पायलट ने पटरी पर शव देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। मृतक नकुल कटारिया आमला के वार्ड नंबर तीन, कसारी मोहल्ला का निवासी था। वह ऑनलाइन शॉपिंग की डिलीवरी का काम करता था। जांच अधिकारी रामेश्वर सिंह राजपूत के अनुसार नकुल रात आठ बजे अपनी दुकान से निकला था। पुलिस को आशंका है कि उसने पटरी पर लेटकर आत्महत्या की है, क्योंकि शरीर क्षत-विक्षत होने के बजाय सिर धड़ से अलग मिला। ट्रेन के पायलट ने भी उसे पटरी पर लेटा हुआ देखा था। फिलहाल नकुल की आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आगे की जानकारी जुटा रही है। परिजनों ने शुक्रवार सुबह नकुल के हाथ पर लिखे नाम से उसकी पहचान की।

### शिविर में 6 बच्चों को कटे, फटे होंठ एवं तालू के उपचार के लिए किया चिन्हित

**बैतूल।** जिला चिकित्सालय परिसर बैतूल में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में 24 अक्टूबर को 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के कटे, फटे होंठ एवं तालू के उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े बताया कि शिविर में पाढर से आए चिकित्सक आशीष लाल के द्वारा प्राथमिक जांच की जाकर 6 बच्चों हंसिका विश्वकर्मा उम्र 10 माह निवासी बीजादेही शाहपुर, अंशिका अमझरे उम्र 3 वर्ष निवासी भडूस सेहरा, ईशिका करारे उम्र 1 माह निवासी राठीपुर सेहरा, कु.निधि धुर्वे उम्र 11 माह निवासी नाहिया आमला, प्रियांशी यादव उम्र 5 वर्ष निवासी पोंगरिया मंडई चिचोली, कार्तिक ईरपाचे उम्र 4 वर्ष निवासी तारा चिचोली को सर्जरी एवं उपचार के लिए चिन्हित किया गया।

### कार्बाइड गन से प्रभावित दो लोगों को मिला त्वरित उपचार, स्थिति सामान्य

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने बताया कि कार्बाइड गन से प्रभावित दो लोगों का 22 अक्टूबर की रात्रि को जिला अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद बर्डे द्वारा उपचार किया हैं। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय बैतूल में बैतूल बाजार निवासी 13 वर्षीय वंश हिडंवे पिता किशोर एवं उम्र 25 वर्ष के पवन माहोरे, पिता रामचरण दोनों मरीज कार्बाइड गन चलाने के बाद चिकित्सालय में उपचार के लिए पालक के साथ आये थे जिनका परीक्षण एवं उपचारनेत्ररोग चिकित्सक डॉ. विनोद बर्डे द्वारा किया गया। दोनो मरीजो की आंखों की समस्या गंभीर नहीं थी। उपचार उपरांत दोनों की स्थिति अब सामान्य हैं। दोनों मरीजों द्वारा जिले के बाहर से आए फेरीवालों से कार्बाइड गन खरीदी गई थी। जिसके चलाने से उन्हें आंखों में धुंधलापन और खुलने की समस्या हुई।

4.60 लाख में खरीदे गए हाइड्रोलिक पशु वाहन में गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला

# काऊ कैचर खरीदी मामला, तत्कालीन सीएमओ व उपयंत्री सहित चार को आरोप पत्र तामील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर पालिका द्वारा तत्कालीन नगरपालिका अधिकारी नितिन कुमार बिजवे के कार्यकाल में 4 लाख 60 हजार रुपये की लागत से खरीदे गए हाइड्रोलिक पशु वाहन (काऊ कैचर) की खरीदी में अनियमितताओं के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश शासन के आयुक्त संकेत भोंडवे ने तत्कालीन सीएमओ नितिन बिजवे, तत्कालीन उपयंत्री पंकज धुर्वे, तत्कालीन लेखापाल भागचंद अहिरवार और सहायक राजस्व निरीक्षक अमरलाल कवड़े के विरुद्ध विभागीय जांच प्रस्तावित करते हुए आरोप पत्र जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि काऊ कैचर खरीदी प्रकरण को हरिभूमि ने प्राथमिकता के साथ उठाया था और इस विषय पर अनेक समाचार प्रकाशित किए थे। आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा आदेश क्रमांक शि./6/ मुलताई /2025/2/137 जारी किया गया है। जांच में पाया गया कि इस वाहन की खरीदी 15वें वित्त आयोग की राशि 4.60 लाख से की गई, जबकि भुगतान का समायोजन निकाय निधि से किया जाना था। यह प्रक्रिया मध्यप्रदेश नगरपालिका (लेखा एवं वित्त) नियम 2018 के नियम 86 का उल्लंघन है, जिसमें एक लाख से अधिक की खरीदी के लिए खुली निविदा प्रक्रिया अनिवार्य है। इसके बावजूद खरीदी जीईएम पोर्टल के माध्यम से मेसर्स ज्योति इंडस्ट्रीज, भोपाल से की गई। विभागीय अभिलेखों के अनुसार यह खरीदी प्रक्रिया वर्ष 2021 से 2022 के बीच संचालित हुई तथा बिना खुली निविदा के ही 4.60 लाख रुपये का भुगतान किया गया। यह गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है और इसमें संबंधित अधिकारी उत्तरदायी पाए गए हैं।








हरिभूमि भोपाल - नर्मदापुरम भूमि 7 Jan 2023
विधानसभा में दी जानकारी तो हुआ खुलासा
बगैर उपयंत्री के तकनीकी सत्यापन के 4 लाख 60 हजार रुपए में खरीदा गया था काउ केचर

### जीईएम पोर्टल की खरीदी और गरीबों की आहें

सन 2021-22 में तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी नितिन कुमार बिजवे का कार्यकाल कोरोना समाप्ति का समय था। इस अवधि में गरीब व्यापारी एवं आम नागरिक आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। एक ओर नगर पालिका बस स्टैंड के छोटे दुकानदारों की दुकानों पर किराया न भरने पर ताले लगा रही थी, वहीं दूसरी ओर जल कर और मकान कर वसूली के नाम पर नोटिस जारी किए जा रहे थे। स्थानीय नेतृत्व के संरक्षण में कठोर वसूली की जा रही थी। इसके विपरीत इसी समय जीईएम पोर्टल के माध्यम से करोड़ों रुपये की खरीदी की जा रही थी। लोग आर्थिक कठिनाइयों में थे और अधिकारी अपने संबंध मजबूत करने में लगे थे। आज जब इन खरीदों में उठे प्रश्नों के परिणाम सामने आ रहे हैं, तो जनमानस कह रहा है कि गरीब की आह का असर होता है। देर से सही, पर होता अवश्य है।

**इनका कहना है...**

काऊ कैचर खरीदी मामले में आयुक्त नगरीय प्रशासन से प्राप्त आरोप पत्र, नितिन बिजवे को छोड़कर वर्तमान में नगर पालिका में पदस्थ कर्मचारियों को तामील कर दिए गए हैं।

**वीरेंद्र तिवारी**, नगरपालिका अधिकारी, मुलताई

लक्ष्मी मंडल व कांग्रेस नेताओं ने की मांग

## लक्ष्मी जी की प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था करे नपा



**मुलताई।** नगर में लक्ष्मी भक्तों एवं मंडलो की संख्या निरंतर बढ़ रही है किंतु नगर पालिका द्वारा बुकाखेडी बाँध पर विसर्जन की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण लक्ष्मी मंडलों को विसर्जन के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के हाल के लिए लक्ष्मी मंडल के सदस्यों एवं कांग्रेस नेताओं ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी से भेंट कर गणेश एवं दुर्गा विसर्जन की तरह भूख खेड़ी बांध में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था के जाने की मांग की। कांग्रेस नेता सुमित शिवहरे के साथ लक्ष्मी मण्डल के सदस्यों ने नगरपालिका पहुंचकर नगरपालिका सीएमओ से चर्चा कर लक्ष्मीजी की प्रतिमा विसर्जन के लिए बुकाखडी बाँध पर नगरपालिका द्वारा व्यवस्था बनाने की मांग की है। लक्ष्मी मंडल के सदस्य जैकी डहारे, जैकी बेलदार, ने बताया की विसर्जन की व्यवस्था नहीं होने के कारण मण्डलों द्वारा अपनी सुविधा से विभिन्न जगहों पर विसर्जन किया जाता है। कांग्रेस नेता सुमित शिवहरे ने बताया की नगर में 15 से अधिक स्थानों पर देवी लश्मी की प्रतिमा विराजित है एवं नगरपालिका द्वारा विसर्जन की व्यवस्था नहीं होने से विसर्जन ले समय किसी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसलिए नगरपालिका द्वारा देवी लक्ष्मी के विसर्जन की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। सीएमओ वीरेंद्र तिवारी ने लक्ष्मी मण्डल के सदस्यों से इस संबंध में एसडीएम से चर्चा कर आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## आत्मनिर्भर भारत एवं नेक्ट जेन जीएसटी रिफार्म्स को लेकर परिषद की बैठक में चर्चा




**सारनी।** नगरपालिका सारनी में शुक्रवार को परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें शासन के निर्देशानुसार विशेष प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे। परिषद का विशेष सम्मेलन दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, किरण झरबड़े, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, रेखा मायवाड़ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम उपस्थित थे। शासन के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर भारत को लेकर संकल्प के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा नैक्ट जेन जीएसटी रिफार्म के समर्थन में विचार विमर्श किया गया।

प्रस्तावों का संकल्प और समर्थन कर शासन को भेजा गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि जीएसटी के स्लैब में कमी के कारण आम लोगों को फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को लेकर भी स्थानीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सभी शाखा प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### नंदी चौक ग्राउंड में लगेगा गंज का फुटकर बाजार

**25 अक्टूबर से नगर पालिका करेगी व्यवस्थित व्यवस्थापन**

**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल ने गंज क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर अस्थायी रूप से दुकानें लगाकर व्यापार करने वाले सभी फुटकर दुकानदारों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बैतूल ने सूचना जारी कर बताया कि 25 अक्टूबर 2025, शनिवार को प्रातः 10 बजे से गंज फुटकर मार्केट को नंदी चौक स्थित ग्राउंड में बनाए गए नए मार्केट स्थल पर व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे बताए गए स्थान पर ही अपनी दुकानें लगाएं और नगर की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें।

## सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय कला उत्सव में लेंगे हिस्सा

### जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान भोपाल में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही




राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर को जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान भोपाल में किया जा रहा है। जिसमें सांदीपनि विद्यालय भैंसदेही के छात्र-छात्राएं भी हिस्सा लेंगे।

राज्य स्तरीय कला उत्सव के लिए विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थी टिंकल डेगे, कक्षा 11वीं की शबनम बामने, सुतिका हरसूले और कक्षा 9वीं की दीक्षा नरवरे का चयन हुआ है। प्रतियोगिता जिला प्रभारी महेश गुंजेले तथा संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य संदीप राठौर, योगेश टिटारिया, पीटीआई नितेश मालवीय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जहां से उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बता दे कि कला उत्सव में संगीत गायन, एकल शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, समूह गायन लोकगीत, भक्तिगीत, देशभक्ति गीत, सुगम संगीत, संगीत वादन, तंत, सुषिर शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, संगीत वादन समूह समूह नृत्य वाद्यवृंद लोक शास्त्रीय, संगीत वादन, ताल वाद्य, एकल नृत्य शास्त्रीय, लोक-जनजातीय, नाटक समूह लघुनाटिका, रोल प्ले, मिमिक्री, माइम, दृश्य कला एकल चित्रकला, चित्रकारी, मुद्रण, व्यंग्य चित्र, दृश्य कला एकल मूर्तिकला, दृश्य कला समूह स्थानीय शिल्प, पारंपरिक कहानी वाचन समूह की प्रतियोगिता होगी। इसमें संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं प्रदर्शन करेंगे।

बारिश से सड़क किनारे बनी गहरी नालियां, नहीं भरी

## वाहन चालकों को रहता है हादसों का डर, जनप्रतिनिधि-अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही



स्टेट हाईवे 43 खेड़ी, गुदगांव से परतवाड़ा मार्ग पर सफर खतरा भरा होते जा रहा है। खेड़ी से ताप्ती घाट, केरपानी घाट में साईड पटरी पर एक से 2 फीट की नालिया बन चुकी है। रोड के दोनों ओर झाडियां रास्ते पर आ गई है। लेकिन विभाग द्वारा मार्ग को दुरूस्त करने के लिए गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खासकर दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान है। वाहनों की क्रॉसिंग के समय सडक़ किनारे बनी गहरी और चौड़ी-चौड़ी नालियों में दोपहिया वाहन के स्लीप होने की संभावना बनी रहती है। वाहन चालकों ने बताया कि बारिश के कारण सडक किनारे मिट्टी के कटाव से नालियो का रूप ले लिया है। जिसके कारण इस मार्ग पर वाहन चलाना मुश्किल होता जा रहा है। बता दे कि ताप्ती घाट सेक्शन में सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते है और एकाएक वाहन सामने आने से वाहन चालक घबराकर सडक से नीचे गाड़ी उतारने का प्रयास करते है। जिससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है। वाहन चालकों का कहना है कि अब बारिश खत्म हो चुकी है। ऐसे में विभाग को सडक़ किनारे बनी नालियों में मिट्टी भरकर बराबर करने का कार्य किया जाना चाहिए।

### गुजरते हैं जनप्रतिनिधि-अधिकारी, पर ध्यान नहीं

स्टेट हाईवे 43 खेड़ी, गुदगांव से परतवाड़ा मार्ग से रोजाना जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी गुजरते है। लेकिन न तो जनप्रतिनिधियों द्वारा सडक की इस समस्या पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही अधिकारी समस्या का समाधान कर रहे है। जिसकी वजह से वाहन चालक परेशान है। वाहन चालकों का कहना है कि घाट सेक्शन होने के कारण लोडेट गाड़ी वाले साइड नहीं करते है। ऐसे में छोटे वाहनों को ही सडक़ से नीचे उतरना पडता है। इस दौरान वाहनों के पलटने और दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना अधिक हो गई है। वाहन चालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सडक़ किनारे पटरियों को जल्द से जल्द भरकर भराबर किया जाए, ताकि हादसों का खतरा कम हो सके।

### क्या कहते हैं वाहन चालक

स्टेट हाईवे 43 सडक़ जो की खेड़ी - गुदगांव परतवाड़ा मार्ग जर्जर हो चुका है। घटनाएं आए दिन हो रही है, लेकिन इसके बावजूद किसी अधिकारी को इस रोड की परवाह नहीं है। कोथलकुंड टोल पर टोल वसूलने वाले ठेकेदार बस पैसा ही बटोरना जानते है। यह घोर लापरवाही एमपीआरडीसी के अधिकारियों की भी लग रही है जो इस और कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**डॉ. इंद्रदेव लिखितकर,**
वाहन चालक, बासनेर कला

भावांतर योजना...

## एसडीएम ने कृषि मंडी बडोरा का किया औचक निरीक्षण



**बैतूल।** राज्य सरकार की किसान हितैषी भावांतर भुगतान योजना के तहत शुक्रवार से जिले में सोयाबीन फसल की खरीदी प्रक्रिया शुरू हुई। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार योजना के तहत प्रथम दिन एसडीएम अभिजीत सिंह ने कृषि उपज मंडी समिति बडोरा के खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा गठित अनुभाग एवं मंडी स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसडीएम सिंह ने मंडी सचिव एवं स्टाफ को भावांतर योजना के क्रियान्वयन में शासन के सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य में पारदर्शिता और सुव्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खरीदी के प्रथम दिन मंडी में किसानों से लगभग 100 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी भावांतर योजना के तहत की गई।

आदिवासी विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

## आदिवासी ठेका श्रमिकों व अन्य श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण न होने पर आंदोलन



**सारनी।** आदिवासी विकास परिषद ने सतपुड़ा प्लांट में कार्यरत स्थानीय आदिवासी ठेका श्रमिकों व अन्य श्रमिकों के शोषण को बंद करने एवं उन्हें शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान दिए जाने की मांग की। इस संबंध में परिषद ने एक ज्ञापन भी जिला कलेक्टर के नाम सौंपा है। घोड़ाडोंगरी आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष एवं बाकुड पंचायत के सरपंच भैयालाल बैठे ने बताया कि सारनी आदिवासी अंचल है और सारनी थर्मल पावर हाउस कार्यरत ठेका श्रमिकों का पिछले कई समय से शोषण हो रहा है। उन्हें कुशल कैटेगरी में रखकर अर्ध कुशल का वेतन मान दिया जाता है। हाउसकीपिंग में काम करने वाले 125 लोगों को तो 300 की दर से माह में 18 दिन ही काम दिया जाता है, जबकि शासकीय दर 467 है। इसके अलावा न्याय पाने के लिए न्यायालय में संघर्ष करने वाले श्रमिकों को एरियस नहीं दिया गया। बहुत सारे ठेका श्रमिकों को अभी तक एरियस और बोनस शासन की गाइडलाइन के अनुरूप अब तक नहीं दिया। जिसके कारण ठेका श्रमिकों की दिवाली फीकी हो गई। बाग बगीचों के ठेके में भी स्थानीय आदिवासी ठेका श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। वहां भी उन्हें 310 देकर माह में 18 या 19 दिन ही काम दिया जा रहा है। ठेका

### इनका कहना है

*कलेक्टर के नाम आदिवासी विकास परिषद ने सतपुड़ा प्लांट में कार्यरत आदिवासी श्रमिकों वह अन्य श्रमिकों के शोषण से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर श्रमिक हित में जल्द कार्रवाई की जाएगी।*

***संतोष पिथोरिया**, तहसीलदार, घोड़ाडोंगरी*

कार्तिक मेला नीलामी फार्म की कीमत 5 हजार रुपए

## मेले की नीलामी के नाम पर जनपद पर भर्राशाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही




प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 3 नवंबर से 17 नवंबर तक भैंसदेही की पोहर पूर्णा नदी पर मेले का आयोजन होना है। मेले में वसूली ठेका के लिए नीलामी प्रक्रिया भी जनपद द्वारा की जायेगी।

लेकिन नीलामी से पहले ही यह प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। आरोप है कि नीलामी के लिए जनपद के जिम्मेदारों ने अपने ही नियम बना कर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिसकी जमकर चर्चा होते सामने आ रही है। चर्चा में यह सामने आ रहा कि 1 फार्म की कीमत 5 हजार रुपए रख दी। किस नियम के तहत रखी इसकी जानकारी सामने नहीं आ रही। लोग इसे लेकर तीखी प्रक्रिया दे रहे है। चर्चा है कि जिन सुविधाओं की बात जनपद हमेशा करती है, वह सुविधाएं केवल दस्तावेजों में ही रहती है। जमीन पर तो दिखाई देती नहीं और व्यापारी एवं आम जनता सुविधाओं के लिए परेशान होते रहते हैं। चर्चा है कि जिम्मेदारियों को पीछे छोड़ केवल पैसे कमाने में जनपद के जिम्मेदार ध्यान देते हैं। बात करे नीलामी प्रक्रिया के फार्म की राशि की तो इसको लेकर बोलीकर्ता बनने वालो में खासी नाराजगी देखने को मिल रही। जिसकी चर्चा नगर में जोरो पर चल रही है।

### क्या कहती है आम जनता

*(1) जनपद ने इस बार सारी हद ही पार कर दी। ये तो तानाशाह पूर्ण नियम है कि 1 फार्म 5 हजार रुपए का खरीदना है। वह भी मात्र बोली लगाने के लिए जिम्मेदार जप्रतिनिधियों को भी सोचना चाहिए, ये तो नियम विरुद्ध है।*

*- **इरशाद खान**, जागरूक नागरिक*

*(2) 5 हजार जो कीमत रखी है वह गलत है। 1 कागज की कीमत अधिक से अधिक 500 रुपए होना चाहिए। जनपद लाखों रुपए कमाती हैं, लेकिन मेले में सुविधाएं कुछ नहीं देती। महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के नाम पर खाना पूर्ति करती है। न शौचालय होते हैं , न ही चेंजिंग रूम बनाए जाते हैं, न ही यात्रियों के रुकने के लिए कोई व्यवस्था होती है। पहले जिम्मेदारों ने इन सुविधाओं पर ध्यान देकर फॉर्म की राशि कम करना चाहिए।*

*- **मोहित राठौर**, आम नागरिक*

*(3) 5 हजार बहुत ज्यादा होते है। यह तो सीधी लूट है। अन्याय है। भाजपा सरकार में किसी भी तरह से, बस लूट मचा रखी है।*

*- **रानू ठाकुर**, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भैंसदेही*

### इनका कहना है...

*यह निर्णय समिति के अनुसार ही लिया गए हैं। फॉर्म की राशि भी समिति ने ही तय की गई है।*

***अजीत मेंरावी**, प्रभारी सीईओ, जनपद पंचायत भैंसदेही*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेत्री कंचन शर्मा को पर्यवेक्षक बनाया

**बुधनी।** महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा को जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायसेन जिले का पर्यवेक्षक बनाया गया है उन्हें 25 से 30 अक्टूबर तक अपने प्रभार वाले जिले में जाकर पूर्व विधायक, महापौर,नगरपालिका अध्यक्ष,पार्षद तथा वरिष्ठ नेताओं से मिलकर जिला अध्यक्ष चयन के लिए सुझाव लेने हैं साथ ही पांच महिला कार्यकर्ताओं के बायोडाटा लेकर उनकी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यालय को देनी है इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान ने कहा कि पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### मुख्यमंत्री को विधायक ने दी दीपावली की बधाई

**सीहोर।** राजधानी भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जहां दीपावली की शुभकामनाएं दी व विभिन्न विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव पत्र भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय के द्वारा विभिन्न सड़क निर्माण पुल निर्माण सामुदायिक भवन पंचायत भवन निर्माण टीन शेड निर्माण सहित अन्य जनहित के निर्माण कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकारा।

### दीपावली के पंच महोत्सव के अंतिम दिन मिठाइयों की दुकानों पर एक बार फिर भीड़ रही

# मना भाई दूज का त्योहार, भाई को तिलक लगा बहनों ने आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई के माथे पर अक्षत तिलक किया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए। इस मौके पर बाजार में रौनक रही। भाई दूज पर बहनों ने भाईयों की सुख समृद्धि और मंगलकामना के लिए व्रत रखा। कहीं बहनें अपने भाइयों के घर भाई दूज मनाने के लिए पहुंचीं, तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। इस दौरान सुबह से ही बाजार में भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई, गोला आदि की खरीदारी की। भाइयों ने अपनी बहनों की पसंद के उपहार खरीदे। बहनों ने अपने भाइयों को रोली, चावल से तिलक किया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई। साथ ही भाइयों की सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए तथा रक्षा का संकल्प लिया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भाई दूज का पर्व बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी



आयु और सुखी जीवन की कामना कर मनाया। भाई दूज के अवसर पर कस्बे के बाजारों में रौनक रही। भाइयों ने एक दिन पहले बुधवार को बहनों के घर जाना शुरू कर दिया था। इसके बाद भी गुरुवार को बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ नजर आई। बसों में सीट फुल होने पर सवारिया बसों में अंदर खड़े होने के बाद भी काफी संख्या में सवारी बसों का इंतजार करते दिखे। बाजारों में भी खील बताशे नारियल की जमकर खरीदारी हुई पंच दिवसीय दीपोत्सव का अंतिम पर्व भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। कैराना में भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया दूज के त्योहार के चलते सवारी बसों में काफी भीड़ रही। भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाई के माथे पर तिलक लगाया और उन्हें नारियल व मिठाई भेंट करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को मिठाई, वस्त्र व अन्य उपहार भेंट किए।

### बसों में रही भीड़

भाईदूज के पर्व पर बस स्टैंड पर सुबह से भीड़ रही। भाई दूज पर्व पर बसों में यात्रियों की बस स्टैंड पर काफी भीड़ रही। भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे जहां बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाया आरती उतारी दीर्घायु की कामना की। भाई बहन के स्नेह व अटूट विश्वास के प्रतीक भैया दूज का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भी भाइयों को तिलक कर उनके दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया बहनों ने भाइयों को गोला भेंट कर उनके लिए दुआएं मांगी।

### मिठाई, उपहारों की दुकानों पर रही रौनक

दीपावली के पंच महोत्सव के अंतिम दिन मिठाइयों की दुकानों पर एक बार फिर भीड़ रही। भाइयों के लिए बहनों ने जमकर मिठाई, उपहारों खरीदी। इसके अलावा नारियल गोला और बताशे की दुकानों पर भी खूब भीड़ रही। गोला की मांग कई गुना बढ़ गई। बाजार में बहनों के उपहार के लिए लोगों की साड़ी, रेडीमेड गारमेंट, सराफ आदि की दुकानों से भी काफी खरीदारी की गई।

# सोहागपुर को मिला भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व

### राजो मालवीय बनी भाजपा प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



भाजपा मप्र अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें सोहागपुर को भी प्रतिनिधित्व मिला है। भाजपा नेत्री राजो मालवीय को भाजपा में प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। सोहागपुर क्षेत्र में राजो मालवीय को तीन दशक से अधिक समय से पार्टी का सक्रिय चेहरा माना जाता है। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता रूप में 1989 में दुर्गा वाहिनी संगठन से शुरुआत की थी। राजो मालवीय इससे पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री, प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्य महिला आयोग सदस्य रह चुकी हैं तथा वर्तमान में भारत तिब्बत समन्वय संघ की राष्ट्रीय महामंत्री हैं। राजो मालवीय भोपाल महापौर का चुनाव भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में लड़ चुकी हैं। राजो मालवीय को नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। राजो मालवीय दो दशक से अधिक समय से नर्मदापुरम-जटाशंकर कांवड़ यात्रा का आयोजन करती आ रही हैं। इस यात्रा ने उन्हें एक अलग पहचान दी है।

### सोहागपुर में बेटियों के लिए 'सुरक्षा कवच समारोह' 26 को

**सोहागपुर।** सोहागपुर में बेटियों के लिए 'सुरक्षा कवच समारोह' का आयोजन 26 अक्टूबर रविवार को किया जाएगा। आयोजक सुरेश करिया से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार 26 अक्टूबर को मुख्य अतिथि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक यह आयोजन होगा। स्थानीय महारानी लक्ष्मी ग्राउंड एवं मंच पुराने थाने के पीछे यह आयोजन होगा। जिसमें बेटियों को सुरक्षा कवच वितरित किए जाएंगे। आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में जूनियर अमिताभ बच्चन उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लाफ्टर चैलेंज के हास्य कलाकार उदय दाहिया भी अपनी प्रस्तुति देंगे। आतोजक सुरेश करिया ने समस्त नागरिकों से उपस्थित की अपील की है।

# सोहागपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सजा ढालों का मढ़ई मेला

### यम द्वितीया के अवसर पर नागरिकों ने किए मोरपंखों से सजी ढालों के दर्शन की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि पर क्षेत्र में ढाल मेला सदियों से सजता आ रहा है। इस वर्ष गुरुवार रात यह मेला शहर में किलापुरा मैदान में एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम गौंड़ीखेड़ी माल में सजा। इस दौरान नागरिकों ने ढालों के दर्शन किये।

मेले के दौरान पूरी रात नागरिकों ने रातभर ढालों के दर्शन किए। गुरुवार की पूरी रात नागरिकों ने अपने पूर्वजों की परंपरा अनुसार ढालों का पूजन किया व परिक्रमा प्रक्रिया पूर्ण की। क्षेत्र के बुजुर्गों से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्षों से सोहागपुर में यम द्वितीया तिथि पर ढालों के तले तांत्रिक मेले लगते आ रहे हैं। तांत्रिक यहां देवी गांगों मांई की पूजा करते हैं। मेले में तांत्रिक अपने आराध्य के निशान में मोरपंखों से बनी ढाल बनाकर आरती करते हैं व गांगोमाई की





परिक्रमा लगाते हैं। इस मेले को देखने प्रतिवर्ष हजारों नागरिक जुड़ते हैं। इस वर्ष भी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से हजारों नागरिक ढालों का मेला देखने गुरुवार रात सोहागपुर शहर मुख्यालय पहुंचे।

### मेले में जुटे तांत्रिक

उल्लेखनीय है कि मढ़ई मेले को चंडी मेला भी कहा जाता है। जिसमें मोर पंख से सजी ढालों का प्रदर्शन किया जाता है। पंडे व तांत्रिक देवी देवताओं की नाम की ढालें लेकर आते हैं एवं मेला मैदान के मध्य स्थापित गंगो मांई की परिक्रमा लगाते हैं। यह परिक्रमा उल्टी लगाई जाती है। इस मेले में तांत्रिक अधिक सक्रिय रहते हैं। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि गंगो मांई तंत्र की देवी है तथा तांत्रिक क्रियाओं से लोगों के कष्टों का निवारण मढ़ई मेले में किया जाता है। बताते हैं सोहागपुर क्षेत्र में एक सदी से अधिक समय से मढ़ई अर्थात चंडी मेला आयोजन यम द्वितीया तिथि पर किया जाता है।

### नप ने किया सम्मान

नपाध्यक्ष लता पटेल ने बताया कि ढाल परंपरा को जीवंत रखने वालों का परिषद की ओर से गुरुवार रात मढ़ई मेला परिसर में सम्मान किया गया है। इस अवसर पर नप के सभी जनप्रतिनिधियों व नपकर्मियों ने पुष्पमाला पहनाकर तथा श्रीफल व अंगवस्त्र प्रदान कर ढाल लाने वालों का सम्मान किया।

मेले में आने वालों की सुविधा के लिए नप ने उचित व्यवस्था की थी। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भी मेला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मी भी सुरक्षार्थ मेले में तैनात नजर आए।

# मिलन समारोह: आपस में ही उलझे भाजपा जनप्रतिनिधि, लगाए आरोप प्रत्यारोप, आखिर में विधायक ने कहा मर्यादा में रहें नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में एक धर्म शाला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीन सीड्स दाल मर्चेंट के दीपावली मिलन समारोह का आयोजन व्यापरी वर्ग ने आयोजन किया गया। मंच संचालन अशोक तोषनीवाल ने किया शुभारंभ में पूजा करके शुरू हुआ। दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए विभिन्न वक्ताओं के द्वारा शुभकामनाएं बधाई देते हुए मंचासीन अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल भगवान दास अग्रवाल चंद्र शिवराम उईके सांसद एवं व्यपारी वर्ग के तमाम जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत भाषण गुलाब साहु ने दिया हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी के अलावा कुछ विशेष लोगों ने विधायक, एवं नगर पालिका अध्यक्ष सहित विधानसभा प्रभारी पर वाणीके तीर चलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रकाश मंडलोई ने कहा कि गौ वंश रक्षा को लेकर बैठक में अपनी बात रखी। अस्पताल में



भर्ती मरीजों को डाक्टर की कमी को लेकर बात रखि नगर पालिका परिषद को घेरा। श्याम सुन्दर हुरकटने कहा कि सांसद को ध्यान देना चाहिए क्योंकि रेलवे विभाग में चोरी हो रही है। व्यापारी वर्ग को नियमानुसार मिलने बाली सुविधाएं बंद कर दी गई है। तथा कृषि उपज मंडी के चुनाव को लेकर बात रखि तथा सहायक संचालक सचिव को घेरते हुए अनेक आरोप लगाया गये। मार्शल बमोरियाने कहा कि संस्था का गठन अपने हित के लाभ को लेकर किया जाता है। पुरानी गल्ला मंडी तुलसी नगर यज्ञ होने वाले कहा की वहां पर दुकान निर्माण कार्य को बंद कराने का सारा करते हुए नगर पालिका परिषद को घेरा। दिनेश पटेल ने कहा कि लोग ध्यान रखें कि आपके माध्यम से किए गए अच्छे कार्य को भी ध्यान रखते हैं तथा बुरे काम को ध्यान रखते हैं। नारायण गंगेले ने कहा कि नगरपालिका परिषद एवं विधायक के द्वारा लगातार कराए धरती फाड़कर विकास हो रहा है रामराज्य चल रहा है। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में अंधेरा नगरी चोपट राजा जैसे कटाक्ष करते चचेरा। विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल ने कहा कि यह दीपावली मिलन समारोह है इसे अखाड़ा न बनाएं जबाव दिया 3वरष से फेस बुक पर लोग लिखते आ रहे हैं।यज्ञ समिति सदस्य बता दें किनसे मिलकर काम करना चाहिए। संपत मुंदड़ा ने कहा कि यज्ञके नाम जाना जाता है।नगर हित के कार्य करें अपनेहात के लिए नहीं है। चंद्र शिवराम उईके ने कहा कि आदर्श मंडी बनाए सहयोग करें। हरिशंकर जायसवाल ने कहा कि प्रसाशन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। नीना नवनीतनागपाल ने कहा कि विकास कार्य कराए जा रहे हैं।काया कल्प योजना में कार्य करने की जानकारी दी अपील की धार्मिक भावनाओं से छेड़छाड़ नहीं करें।इस, तरह से अनेक उदाहरण पेश किए गए। विधायक ने कहा विरोध किया गया है। सुझाव दिया है । लेकिन जिन लोगों ने जोश में होश खोकर जिन शब्दों का उपयोग किए गए हैं।उन पर विचार करे। सहित सभी ने अपने अपनी बात रखी।

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं।

### गोवर्धन के दीपों की अनोखी आकृति से बने गोवर्धन देवता



**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम चन्देरी के किसानों ने गोवर्धन के दीपों की आकृति से बने गोवर्धन देवता की किसानों ने आरती पूजा की और गोवर्धन देवता के गीत गाकर आरती उतारी एवं गांव की गाय भैंसों एवं बेलों को गोवा में एकत्रित कर अनोखे तरीके से दीपावली मनाई गई। यह अनोखी परम्परा पीढ़ीदर पीढ़ी से चली आ रही है, ग्रामीणों का मानना गोवर्धन पूजा से भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न होते हैं और मनुष्यजाति एवं मवेशियों का हर दुख दर्द हर लेते हैं। सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी में गोवर्धन पूजा की एवं सैकड़ों जलते हुए दीपों कें का गोवर्धन बनाकर की पूजा आरती कर प्रार्थना की गई। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि गोवर्धन देवता से सभी किसानों ने प्रार्थना की है कि इस वर्ष हमारे सोयाबीन की फसल तो बर्बाद हो गई है। गेहूं की फसल को अच्छा रखना गोवर्धन देवता से प्रार्थना की है कि हमारे आने वाली फसल अच्छी पैदावार हो हम किसानों में खुशहाली रहे। हमारी गौ माता की रक्षा होती रहे किसी प्रकार की गाय, भैंस व अन्य सभी मवेशियों पर किसी भी प्रकार की बीमारी ना आए एवं फसलों पर भी बीमारी ना आए। सभी ग्रामीण जनता ने किसानों ने मिलकर बेलों को पूजा गया एवं अनोखे तरीके से बनाये गये गोवर्धन व शाम होते ही बैलगाड़ी की पूजा की गई जो एक अनोखा नजारा था।

### पाड़ों की लड़ाई का हुआ आयोजन, लड़ाई देखने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# हमारी पुरानी परंपराओं को जीवित रखना बेहद जरूरी : पूर्व जिपं अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

परंपराओं का निर्वहन बेहद जरूरी है। वर्षों से चली आ रही इन परंपराओं के कारण ही हमारी संस्कृति और हमारा सनातन धर्म जीवित है। आज भी इन परंपराओं को निभाना बेहद खुशी देता है। हमारे पूर्वजों द्वारा शुरू की गई परंपराएं निभाई जा रही हैं और आगे भी इनका निर्वहन होता रहेगा। ये बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे सीहोर जिले की दोराहा तहसील के ग्राम जमुनिया खुर्द पहुंचे थे, जहां पर पाड़ों की लड़ाई का आयोजन किया गया। इसमें श्री अरोरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इससे पहले जमुनिया खुर्द पहुंचे श्री अरोरा का आयोजन समिति एवं स्थानीय लोगों ने स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान श्री अरोरा को साफा बांधकर उनका सम्मान भी किया गया। श्री अरोरा ने कहा कि आयोजन समिति को बधाई, जो आज भी वर्षों से चली आ रही परंपरा को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। ये परंपराएं ही गांवों में त्यौहारों को जिंदा रखे हुए हैं। समय के साथ धीरे-धीरे कई परंपराएं विलुप्त होती जा रही हैं। इसके कारण त्यौहारों का रंग भी फीका पड़ता जा रहा है, लेकिन सीहोर की धरती पर आज भी इन्हें निभाया जा रहा है। श्री अरोरा ने बतौर मुख्य अतिथि आयोजन में पहुंचकर पाड़ों की लड़ाई का आनंद उठाया तो वहीं आयोजन समिति को बधाई, शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग यहां पर पाड़ों की लड़ाई को देखने के लिए पहुंचे। पाड़ों की लड़ाई का यह आयोजन यहां पर वर्षों से किया जा रहा है। इस आयोजन का क्षेत्रीय लोगों को वर्षभर इंतजार रहता है। हजारों की तादाद में लोग यहां पर आयोजन को देखने के लिए पहुंचते हैं।

**केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत :** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने इससे पहले गत दिवस सीहोर पहुंचे केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान श्री अरोरा ने केंद्रीय मंत्री से सीहोर की राजनीति को लेकर मंत्रणा भी। केंद्रीय मंत्री ने भी श्री अरोरा के हालचाल जाने।

# हमारी धर्म संस्कृति से जुड़ा है गोवर्धन पर्व: सुदेश राय

**सीहोर।** गोवर्धन पूजन पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया। चांदबड़ स्थित गोशाला में बुधवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए।

चांदबड़ स्थित गोशाला समिति के सदस्यों ने विधायक सुदेश राय का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। आचार्य श्री के सानिध्य में विधायक सुदेश राय के द्वारा गोवर्धन पूजन पर्व के उपलक्ष्य में गोपूजन किया गया। उन्होने कहा कि दीपावली के बाद गोवर्धन पर्वत पूजन का शास्त्रों में बड़ा महत्व है भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल वासियों को गौवर्धन पर्वत के माध्यम से ही इंद्र के प्रकोप से बचाया था और गोपालकों को गाय बछड़ो के पालन पौषण की शिक्षा देकर उन्नत प्रगतिशील बनाया था हमारी धर्म संस्कृति से गौवर्धन पर्व जुड़ा है।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गौपालन को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाए चला रहे है। गाय हमारे देश की धरोहर है गाय में देवताओं का वास होता है गौवर्धन की पूजा कष्टों को दूर करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सैटेलाइट से होगी अवैध उत्खनन की निगरानी

**सीहोर।** खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज ने सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव खनिज ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। विभाग द्वारा निर्मित पोर्टल पर क्लिक कर एक्सेस किया जा सकता है। इस पोर्टल से सेटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर एलर्ट्स जारी किये जा रहे हैं, जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग इन कर देखा जा सकता है। लॉग इन की जानकारी पृथक से विभागीय ई-मेल आईडी में दी गयी है। जिला कलेक्टर एवं खनिज अधिकारी को एलर्ट की जानकारी एसएमएस द्वारा प्रत्येक माह पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी।

### हरदा की कृषि उपज मंडी में मिला 4651 रूपये प्रति क्विंटल का भाव

# भुन्नास के दीपक जाट ने सबसे पहले भावांतर योजना में बेचा सोयाबीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में प्रदेश सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई भावान्तर योजना की शुक्रवार को शुभ मुहुर्त में जिले में शुरूआत हुई। हरदा की कृषि उपज मण्डी में भुन्नास निवासी दीपक बाबूलाल जाट ने अपना 27 क्विंटल 48 किलोग्राम सोयाबीन बेचकर योजना का शुभारम्भ किया, जिसकी खरीदी जैन इंडस्ट्रीज हरदा द्वारा की गई। दीपक को विक्रय किये गये सोयाबीन का 4651 रूपये प्रति क्विंटल भाव मिला। मण्डी प्रबन्धन द्वारा इस दौरान सोयाबीन विक्रय करने आये किसानों को मिष्ठान खिलाकर, पुष्पहार व तिलक से स्वागत किया गया।

### कलेक्टर ने किया विक्रय व्यवस्था का निरीक्षण

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने हरदा कृषि उपज मण्डी पहुँचकर भावान्तर योजनान्तर्गत सोयाबीन खरीदी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मण्डी परिसर में सोयाबीन बेचने आने वाले किसानों के लिये पेयजल, छाया व बैठक व्यवस्था के समूचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने निर्देश दिये कि सोयाबीन बेचने आने वाले किसानों की ट्रेक्टर ट्रालियों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ी कराई जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मण्डी परिसर में संचालित किसान ई-पंजीयन केन्द्र व तौल कांटे की व्यवस्थाएं भी देखीं। इस दौरान कलेक्टर ने मण्डी परिसर में उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और योजनाओं के प्रति उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।



### वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की तैयारियों संबंधी बैठक की

जिले के वनग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन किये जाने की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनमण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा, सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ, एसडीएम संजीव नागू, सहित राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में वनग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन के लिये आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही ग्राउण्ड ट्रूथिंग करने की व्यवस्था की जानकारी ली गई। इस दौरान वनाधिकार दावों के लंबित मामलों के निराकरण के भी निर्देश दिये गये। संपरिवर्तन के दौरान कृषि रकबे का इंद्राज, वनग्रामों की बाहरी सीमाओं के निर्धारण के भी निर्देश दिये गये।

### कार्बाइड गन के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय तथा उसके संचालन पर प्रतिबंध

*कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने नागरिकों की सुरक्षा, शांति तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम के लिये कार्बाइड गन के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, प्रदर्शन तथा उसके संचालन पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध हरदा जिले की राजस्व सीमा में लागू रहेंगे। इस संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति/संस्थायें, व्यापारी प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा/स्टील अथवा पीवीसी पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण, भण्डारण, क्रय-विक्रय नहीं करेगा। साथ ही प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा/स्टील अथवा पीवीसी पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) का वितरण, प्रदर्शन तथा उसके संचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जैन ने निर्देशित किया है कि जिले के एसडीएम, कार्यपालिक दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभाग आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करायेंगे तथा उल्लंघन की दशा में तत्काल नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे।*

### विधायक को दिया ज्ञापन

## संविदा कर्मचारियों ने की नियमितीकरण की मांग



**हरदा।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के संविदा अधिकारी और कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉयज एवं इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर तले टिमरनी विधायक कुंवर अभिजीत शाह को बिजली संविदा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन। ज्ञापन में एक दशक से अधिक समय से कार्यरत अनुभवी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई है। यूनाइटेड फोरम सघं के संगठन सचिव के पवन सिंह सोलंकी ने बताया कि वे लंबे समय से यह मांग सरकार से कर रहे हैं। तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान सरकार ने इसकी घोषणा की थी, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया। अब जब कंपनी में नई भर्ती निकली है, तो संविदा कर्मचारी चाहते हैं कि उन्हें सीधे समायोजित कर नियमित किया जाए। यूनाइटेड फोरम के सदस्य प्रशांत तिवारी ने जानकारी दी कि कंपनी ने विभाग में भर्ती के लिए 49 हजार 263 पद निकाले हैं, जबकि पूरे प्रदेश में लगभग 5 हजार संविदा अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं। इतने पदों में से 5 हजार संविदा कर्मियों को नियमित करने में विभाग को कोई दिक्कत नहीं है।फोरम कई सालों से संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग कर रहा है। संगठन के अजय उमरिया ने कहा कि संगठन की इस संबंध में सरकार और कंपनी से चर्चा चल रही है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार और कंपनी संविदा कर्मचारियों के हित में निर्णय लेगी और उन्हें नियमित करने की दिशा में कदम उठाएगी, क्योंकि इससे कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा।

### 2 को भोपाल में शक्ति प्रदर्शन

संगठन के सदस्य नर्मदा प्रसाद ने बताया मध्य प्रदेश के 55 जिले में कलेक्टर महोदय को एवं क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जा रहा है हमारी मांगे जल्द नई पुरी की गई तो 2 नवंबर को भोपाल में शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थित हुए संगठन सचिव पवन सोलंकी प्रशांत तिवारी नर्मदा प्रसाद राजेश पंचोले अजय उमरिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 17 वर्षीय से दुष्कर्म, आरोपी की तलाश में पुलिस

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाने में एक 17 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी ने बताया कि पीड़िता खंडवा की रहने वाली है। बुधवार को वह अपनी मौसी के घर हरदा आई थी। मौसी और अन्य परिजन शहर में एक रिश्तेदार के यहां ग्यारहवीं के कार्यक्रम में खाना खाने गए थे। इस दौरान पीड़िता और सिवनी बानापुरा में रहने वाला उसका मौसेरा भाई नावेद, जो अपनी बहन के घर आया था, दोनों घर पर अकेले थे। मौका पाकर आरोपी नावेद ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। उसने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का हरदा वाला मौसेरा भाई घर आ गया, जिसके बाद आरोपी नावेद सीढ़ियों से कूदकर भाग गया। पीड़िता ने बाद में अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया। गुरुवार को आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया। टीआई तिवारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बाइक मवेशी से टकराई थी

## भाई दूज पर बहन के यहां जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भाई दूज पर बहन के यहां जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसके साथ एक युवक घायल है।

शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दिया गया। घटना रहटगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम की है। बैतूल जिले के ग्राम ढोल निवासी लक्की (25) पिता अशोक यादव अपने एक साथी के साथ बाइक से खंडवा जिले के राजगढ़ में अपनी बहन वर्षा के घर भाईदूज की पूजा के लिए जा रहे थे। रहटगांव थाना क्षेत्र के पास उनकी बाइक किसी मवेशी से टकरा गई। इस दुर्घटना में लक्की के सिर में गंभीर चोटें आईं। रात करीब 9 बजे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान रात 10 बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरा युवक उपचार के बाद अस्पताल से चला गया। तीन भाइयों में सबसे छोटा था मृतक के बड़े भाई निखिल ने बताया कि लक्की तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसका एक जुड़वां भाई मुकुल भी है। लक्की एक ढाबे पर काम करता था, जबकि उनके पिता अशोक यादव भी ग्राम गवासेन में एक ढाबे पर हलवाई का काम करते हैं।

लक्की अपने गांव से सोडलपुर तक बस से आया था। वहां से वह किसी युवक के साथ बाइक पर अपनी बहन के घर भाईदूज के लिए जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि उनके भाई के साथ घायल हुआ युवक बिना बताए अस्पताल से चला गया है। हादसे के संबंध में ग्रामीणों द्वारा अलग-अलग बातें कही जा रही हैं। कुछ लोग बाइक के गाय से टकराने की बात कह रहे हैं, तो कुछ ट्रैक्टर से टक्कर होने का दावा कर रहे हैं।

### मटकुल नदी पर बने पुल पर ट्रक द्वारा हार्न बजाने के बाद भी संभल नहीं पाया था बाइक सवार

## ड्राइवर ने नदी में उतारा ट्रक, अपनी सूझबूझ से बाइक सवार बच्चे पिता और मां की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बालागांव बुंदडा के बीच स्थित मटकुल नदी पर बने पुल पर एक ट्रक नीचे उतर गया। ट्रक ड्राइवर और नदी के पास खड़े अशोक गौर ने बताया कि मगरधा की साइड से आने वाली बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। नदी पर बने पुल पर ढलान होने के कारण गाड़ी की स्पीड और तेज हो गई। सामने से आ रहे ट्रक द्वारा लगातार हार्न बजाने के बाद भी गाड़ी की स्पीड कम नहीं हो सकी। इससे उसे गाड़ी को बचाने के लिए ट्रक ड्राइवर ने अपनी समझदारी और सूझबूझ से ट्रक को नदी के नीचे उतार दिया। हालांकि ट्रक पुल पर आधा लटक गया। बालागांव निवासी अशोक गौर ने बताया कि पुलिया के दोनों साइड मोड होने के इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। साथ ही बरसात के समय में नदी पर लगी रेलिंग भी क्षतिग्रस्त होकर नदी में गिर गई। जिसे भी दुर्घटनाओं की आशंका लगी रहती है। वहीं उन्होंने बताया कि जब वह अपने ट्रैक्टर का कल्टीवेटर कस रहे थे तब उन्होंने देखा कि एक ट्रक के सामने एक गाड़ी तेजी से आ रही थी जो नदी के पुल क्रॉस कर रही थी।




ट्रक ड्राइवर द्वारा लगातार हार्न बजाने के बाद भी बाइक सवार द्वारा बाइक पर कंट्रोल नहीं हुआ। तभी ट्रक ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए ट्रक को पुल से नीचे नदी में उतार दिया और बच्चे, माँ और पिता की जान बचाई।

### इस साल कम बारिश दर्ज: औसत आंकड़े से भी नीचे रहा मानसून, 50 से अधिक तालाब खाली

**सीहोर।** जिले में इस मानसून सीजन में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। इस साल कुल 1090 मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 1161 मिलीमीटर था। जिले की औसत बारिश 1148 मिलीमीटर है, जिसे इस बार मानसून छू नहीं पाया। कम बारिश के कारण जिले के 50 से अधिक तालाब खाली रह गए हैं। इससे जलस्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और पानी का भंडारण भी काफी कम हुआ है। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**सीहोर।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रुपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए। बोनस की राशि 7000 रुपये अथवा 8.33% जो भी अधिक हो वह देय होगी।

### हंडिया नर्मदा तट पर पहुंचे

## बंगाली समुदाय ने किया काली माता की मूर्ति का विसर्जन

**हरदा।** बंगाली समुदाय ने शुक्रवार शाम को विधि-विधान से काली माता की मूर्ति का विसर्जन हंडिया स्थित नर्मदा तट पर किया। विसर्जन से पहले, महिलाओं ने पारंपरिक 'सिंदूर खेला' का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दीं और ढाकी की थाप पर नृत्य किया। यह बंगाली समुदाय की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसमें महिलाएं मां काली की प्रतिमा को विसर्जन से पूर्व सिंदूर लगाती हैं और फिर आपस में सिंदूर लगाकर विदाई देती हैं। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं। इस आयोजन में नपाध्यक्ष भारती कमेडिया भी शामिल हुईं। शहर की बंगाली कॉलोनी में दीपावली की अमावस्या रात को मां काली की मूर्ति स्थापित की गई थी। इसके बाद चार दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार रात को आयोजन स्थल पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने देवी भजन सुनाए। इस दौरान बंगाली समाज की महिलाओं ने निर्जला उपवास भी रखा। बड़े-बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी ने मां काली के दरबार में मत्था टेका। बंगाली समाज मां काली को 'बड़ी मां' और 'शक्तिपूजा' के रूप में पूजता है। ऐसी मान्यता है कि आधी रात को मां काली की विधिवत पूजा करने से जीवन के संकट, दुख और पीड़ाएं समाप्त होती हैं, शत्रुओं का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### कलेक्टर बोले: राजस्व और कृषि अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें

# निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री पर करें कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजस्व अधिकारी, कृषि एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने फसल क्षति पर राहत राशि का समय-सीमा में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को शासन की मंशानुसार शीघ्र राहत मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

बैठक में कलेक्टर ने फसल कटाई प्रयोग, सोयाबीन फसल के उत्पादन पर सतत निगरानी रखने तथा भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल का 'स्मार्ट सत्यापन' सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को फसल क्षति का लाभ दिया गया है, उनकी जानकारी को भावांतर योजना से समन्वित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक सटीक रूप से पहुँच सके। उन्होंने कहा कि भावान्तर योजना का सभी पात्र किसानों को लाभ मिले इसके लिये राजस्व एवं कृषि अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्राइवेट लाइसेंसधारी द्वारा फर्टिलाइजर को अधिक दाम पर नहीं बेचा जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कंट्रोल ऑर्डर के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा शासन की प्राथमिकता है, इसलिए उर्वरकों की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी।




कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को समय पर लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर जमील खान, स्वाती मिश्रा उपथित थे। बैठक में सभी अनुभागों के राजस्व, कृषि एवं संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**हरदा।** जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने के लिये 13 दिसंबरको वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, चोरी के मामलों को छोड़कर विद्युत बिल, जलकर व सम्पत्तिकर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित सेवा मामलें, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।